Maharana Pratap Govt. Degree College Amb

District Una HP-177203

www.mpgcamb.com | govtcollegeamb@gmail.com | mpgcamb@gmail.com | 01976-260032

Report of Prahari Club 2023-24

रिपोर्ट(प्रतिवेदन)

"नशा मुक्त ऊना अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने ली नशा न करने की शपथ"

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में नशा निषेध"प्रहरी क्लब" द्वारा समस्त विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक करवाने के लिए एक व्याख्यान कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर डॉ.नितिन कुमार शर्मा द्वारा दिया गया।इस कार्यक्रम मे महाविद्यालयके प्राचार्य प्रो.दर्शन कुमार ने मुख्यतिथि के रूप मे शिरकत की।कार्यक्रम के नोडल आफिसर डॉ.नितिन कुमार शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से विध्यर्थियों को बहुत बारीकी के साथ नशे पर एक रोचकव्याख्यानदिया।उन्होंने बताया की भॉग,गाँजा,चिट्ठा,अफीम,चरस,कोकीन,हेरोइन जानलेवा नशे हैं।आजकल का युवा वर्ग आसानी से इनकी गिरफ्त मे आ जाता है। धीरे धीरे ये नशा व्यक्ति केशरीर को खोखला कर देते हैं। उन्होंने सभी विध्यार्थियों से आग्रह किया की इन नशों से दूर रहें व हर किसी को इनकी पहचान बहुत ज़रूरी है।यदि सभी जागरूक होंगे तभी अपने इर्द गिर्द के समाज को जागरूक कर सकते हैं। उन्होंने ये भी बताया की इन सभी प्रकार के नशे से व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक विकास पर बहुत ही घातक असर पड़ता है। कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियॉं इन्ही से ज्यादातर पनपती हैं। व्याख्यान के अंत मे उन्होंने एक हेल्प लाइन नम्बर भी विद्यार्थियों के साथ साँझा किया और कहा यदि किसी भी प्रकार की नशे से जुड़ी गतिविधि देखने को मिले तो तुरंत इस नम्बर पर सरकार को सूचित करें ।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.दर्शन कुमार ने कार्यक्रम के अंत मे सभी विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई और सभी को नशे के विरुद्ध आवाज़ उठाने का प्रण लेने को कहा।

7.X.2023

नोडल आफ़िसर
प्रहरी क्लब
डॉ.नितिन कुमार शर्मा

प्राचार्य
राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय
अम्ब

Principal
Maharana Pratap Govt. Degree College
Amb (Una) H.P.

पंजाब केसरी THU,05 OCTOBER 2023
EDITION: UNA KESARI, PAGE NO. 2

विद्यार्थियों ने ली नशा न करने की शपथ

अम्ब, 4 अक्तूबर (अश्विनी): नशामुक्त ऊना अभियान के अंतर्गत आज राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में नशा निषेध प्रहरी क्लब द्वारा नशे से संबंधित दुष्प्रभाव पर आधारित व्याख्यान का आयोजन प्राचार्य प्रोफैसर दर्शन कुमार की अध्यक्षता में करवाया गया। व्याख्यान के माध्यम से डा. नितिन कुमार ने बताया कि आजकल हमारे समाज में भांग, चरस, अफीम, कोकीन, गांजा, हैरोइन इत्यादि मादक पदार्थों का खूब प्रचलन है।

आज के युवा इन नशीले पदार्थों की गिरफ्त में दिन-प्रतिदिन फंसते जा रहे हैं जोकि हमारे समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। इससे न केवल संबंधित व्यक्ति प्रभावित होता है बल्कि उससे जुड़े हर व्यक्ति को इस गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है।

प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति शपथ दिलाई कि न तो हम स्वयं नशा करेंगे और न ही दूसरों को करने देंगे। व्याख्यान के दौरान प्राचार्य ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति शपथ दिलाई कि न तो हम स्वयं नशा करेंगे और न ही दूसरों को करने देंगे। इस मौके पर डा. कुमारी सुजाता, प्रो सुनिता, डा. राजेश व प्रो पवीका इत्यादि उपस्थित रहे।

अम्ब: नशा मुक्त ऊना अभियान के अंतर्गत कालेज में नशा निषेध प्रहरी क्लब द्वारा नशे से संबंधित दुष्प्रभाव पर आधारित करवाए गए व्याख्यान के दौरान उपस्थित प्राचार्य, स्टाफ सदस्य व क्लब से जुड़े विद्यार्थी।

युवाओं को बताए नशे के दुष्प्रभाव

अंब (ऊना)। नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में नशा निषेध प्रहरी क्लब के तत्वावधान में नशे से संबंधित दुष्प्रभाव पर आधारित एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने की। इस विषय प डॉ. नितिन कुमार ने कहा कि हमारे समाज में भांग, चरस, अफीम, कोकीन, गांजा, हेरोइन इत्यादि मादक पदार्थों का खूब प्रचलन है। युवा इन नशीले पदार्थों की गिरफ्त में दिन प्रतिदिन फंसते जा रहे हैं जो हमारे समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति एक शपथ दिलाई। संवाद

Dr. Nitin K Sharma

Principal
Maharana Pratap Govt.
Degree College
Amb (Una) H.P